बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश में एक साथ प्रसारित

ISSN 2582-4813

# सीमांचल उदय

RNI No. : BIHHIN/2018/77310

राष्ट्रीय संध्या हिन्दी दैनिक डिजिटल

पूर्णिया 26 दिसंबर 2024 (गुरुवार ) वर्ष : 02 अंक : 145 www.simanchaluday.com मूल्य : 5 मात्र

# नीतीश कुमार को 'भारत रत्न' मिला तो बिहार की बागडोर किसके हाथ?

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

पटना। राजनीति में ऊंट किस करवट बैठेगा, यह अंतिम तक किसी को पता नहीं चलता है. कल तक बीजेपी के कद्दावर नेता गिरिराज सिंह बात-बात पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विरोध करते थे. सरकार में रहे या बाहर रहे सीएम उनके सॉफ्ट टारगेट हुआ करते थे लेकिन अचानक उनका 'हृदय परिवर्तन' हो गया है. बुधवार को बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने नीतीश कुमार के लिए 'भारत रत्न' देने की मांग कर दी है.

नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की मांग: नीतीश कुमार की नाराजगी की खबरों के बीच अचानक केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने की मांग कर विरोधियों के साथ-साथ जेडीयू नेताओं को भी अचरज में डाल दिया है. हालांकि उन्होंने साथ में उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का भी नाम जोड़ दिया. नीतीश को 'भारत रत्न' देने की बात करके बीजेपी के फायर ब्रांड नेता ने सूबे की सियासत में एक बड़ा दाव खेल दिया है.

कौन संभालेगा बिहार की बागडोर?: अब राजनीतिक गलियारों में इस बात के अलग-अलग मायने निकाले जाने लगे हैं लेकिन, उन बातों में एक जगह बात आकर अटक जाती है कि यदि नीतीश कुमार को भारत रत्न दिया जाता है तो फिर बिहार की बागडोर कौन संभालेगा? अगर ये मान लिया जाए कि केंद्र की मोदी सरकार उनको भारत रत्न देने के लिए तैयार हो जाती है तो क्या वैसे में वह सीएम का पद त्याग देंगे?




बदलेगी बिहार की सियासत?: ईटीवी भारत ने इस बाबत बीजेपी और जेडीयू के नेताओं से बात की. सबने नीतीश कुमार को भारत रत्न मिले, इस बात का तो समर्थन किया लेकिन अगले ही पल जो सियासत बदलने वाली है, उस पर उन्होंने चुप्पी साध ली. ऐसे में ये बात स्पष्ट हो गई कि एनडीए के नेता अब यह चाहते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राजनीति से एक सम्मानजनक विदाई दी जाए. वह विदाई भारत रत्न के तमगा के साथ हो.

भारत रत्न नीतीश का एग्जिट प्लान तो नहीं!: पिछले दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए कई बात की चर्चा हो रही थी. कहीं यह कहा जा रहा था कि नीतीश कुमार को भारत का राष्ट्रपति बना दिया जाएगा तो कभी ये भी कहा जा रहा था कि उनको उपराष्ट्रपति बना दिया जाएगा लेकिन गिरिराज सिंह के इस बयान के बाद स्थिति स्पष्ट होने लगी है कि अगले एक दो महीने में बिहार की राजनीति बदलेगी. जाहिर है कि अगर ऐसा होता है तो इस राजनीति में कई चेहरे भी बदल जाएंगे.

क्या कहते हैं जानकार?: पीटीआई के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिन्हा कहते हैं कि गिरिराज सिंह के इस बयान को हल्के में भी नहीं लेना चाहिए. बिना आग का धुआं तो उठाता नहीं है. हालांकि गिरिराज सिंह भारत रत्न देने के अथॉरिटी नहीं है. जब भी भारत रत्न दिया जाता है तो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जैसे गणमान्य लोग मिलकर नाम तय करते हैं. इसके बावजूद गिरिराज सिंह का यह बयान बिहार के राजनीति के लिए अहम है.

"नीतीश कुमार जबतक सक्रिय राजनीति में रहेंगे और एनडीए के साथ रहेंगे, तब तक वह मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर रहेंगे. उनके सक्रिय राजनीति में रहते बीजेपी कभी भी फ्रंट पर जाकर अपना सीएम या फिर अपने किसी नेता के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ सकती है. ऐसे में बीजेपी का यह हिडेन एजेंडा हो सकता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए एक सम्मानजनक एग्जिट तैयार किया जाए. जिससे ना तो जेडीयू में कोई विवाद होगा और ना नीतीश को किसी तरह की दिक्कत होगी."- संजय सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार

नीतीश कुमार का कार्यकाल बेदाग: संजय सिन्हा कहते हैं कि वैसे भी भारत रत्न वह सम्मान है, जिसके लिए लोग समाज सेवा में आते हैं. मुख्यतः यह सम्मान उन लोगों को मिलता है, जो अपने काम को बखूबी निभा चुके होते हैं. कुछ ही ऐसे लोग हैं, जिनको जीते जी यह सम्मान मिल पाया है. यदि मुख्यमंत्री को यह सम्मान मिलता है तो यह बिहार के साथ-साथ जेडीयू और नीतीश कुमार के लिए बड़ा सम्मान होगा. वैसे भी बिहार के सीएम का कार्यकाल बेदाग रहा है.

समाज सुधार की दिशा में लिए फैसले: वरिष्ठ पत्रकार कहते हैं कि नीतीश कुमार मे मुख्यमंत्री रहते हुए समाज सुधार की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं. शराबबंदी, दहेज प्रथा का विरोध और लड़कियों की शिक्षा जैसे कई ऐसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य उन्होंने किए हैं. यह भी सबसे अहम पहलू है कि वह बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं. ऐसे में यदि उन्हें 'भारत रत्न' दिया जाता है तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी.




# पहाड़ पर बर्फबारी से बढ़ेगी ठंड, ठंड, विजिविलिटी होगी कम

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

सिलीगुड़ी। क्रिसमस और नये वर्ष के आगमन पर सिक्किम में हो रही बर्फबारी पर्यटकों को अपनी ओर खींच रही है। वहीं, दूसरी ओर सिक्किम के में बीते दो दिनों से शुरू हुई बर्फबारी और बारिश का असर अब पूरे उत्तर बंगाल में दिख रहा है। इसके कारण ठंड बढ़ गई है। उत्तर बंगाल के दुआर्स और सिक्किम समेत कई जगहों पर हल्की बारिश से तापमान गिरा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में राज्य में तापमान और गिरने का अनुमान लगाया है। वहीं, उत्तरी सिक्किम में बर्फबारी हुई है, जिसके कारण पूरा क्षेत्र सफेदी की चमक से चमक उठा है और यह दृश्य इतना आकर्षक है कि पर्यटक इसे अपने में कैद कर रहे हैं और इस बर्फबारी का भी आनंद से रहे हैं। वहीं सिक्किम में हुई बर्फबारी के कारण सिलीगुड़ी के अलावा डुआर्स समेत अन्य क्षेत्रों में भी इसका असर देखने को मिला। वैसे तो सिलीगुड़ी में कई दिनों से तापमान में गिरावट के साथ ठंड बढ़ती जा रही है, लेकिन बुधवार के मौसम ने सिलीगुड़ी वासियों को पूरी तरह कंपकंपा दिया और सिलीगुड़ी का मौसम काफी सर्द बना हुआ है। हालांकि एक दो दिनों में कोहरे का असर और तेज होगा जिसके कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त होगा।

हालांकि रात में कोहरे और शीत लहर से सिलीगुड़ी समेत उत्तर बंगाल में पारा लुढ़क गया और ठंड बढ़ गयी है। इसके साथ ही कनकनी का असर दिखने लगा है। शाम ढलते ही कोहरे की परत घनी होने लगती है। शाम ढलते ही जन जीवन अस्त व्यस्त हो जा रहा है और बाजार में सन्नाटा पसर जा रहा है। हालांकि सुबह दस बजे के बाद धूप होने के कारण ही में चहल-पहल शुरू हो रही है। वहीं मौसम के बदलते मिजाज से अधिक परेशानी मजदूरों को ही रही है। मजदूरी करने वाले मजदूरों के समक्ष रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ठंड बढ़ने और दिन छोटा होने की वजह से उन्हें काम नहीं मिल रहा है। वहीं, दार्जिलिंग और सिक्किम में बारिश की संभावना बनी हुई है, इसके बाद जब बादल छटेंगे तो ठंड और बढ़ेगी। इतना ही नहीं न्यूनतम तापमान में भी तेजी से गिरावट आएगी। इधर धीरे-धीरे कोहरे की परत धनी होती जा रही है। कोहरे के कारण आठ से न बजे के बीच धूप निकल रही है और दोपहर तीन बजे के आसपास फिर से कोहरे का असर छाने लगता है।

ट्रेनों की रफ्तार हुई थीमी

कोहरे के असर एक तरफ जहां के यातायात पर पड़ रहा है वहीं एनएफ रेलवे के कई रूटों पर कोहरे के कारण ट्रेनों की लेट लतीफी शुरू हो गयी है। राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेन देरी से चल रही हैं। एनजेपी स्टेशन पर हर आने जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन कम से कम दो घंटे की देरी से चल रही है। सिलीगुड़ी की बात करें तो देर रात तक चहल पहल रहने वाली सड़कें मंगलवार की शाम को ही खाली हो गई और खासकर दो पहिया वाहन कम दिखे।



# शिवम हायर एजुकेशन नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने किया तुलसी पूजन

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

पूर्णिया । शिवम हायर एजुकेशन नर्सिंग कॉलेज की छात्रावास की छात्राओं द्वारा तुलसी पूजन एवं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर कविता प्रतियोगीता में निदेशक नूतन गुप्ता शामिल हुई. इस अवसर पर छात्राओं के बीच कविता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. इसमे सफल छात्राओं को निदेशक नूतन गुप्ता ने पुरुस्कृत की. इससे पहले तुलसी पूजन का आयोजन हुआ. छात्राओं ने निदेशक को लाल चुंदरी व तुलसा की पौधा भेंट की. इस दौरान श्रीमती गुप्ता ने विधि विधान से तुलसी माता की पूजा अर्चना कर आरती उतारी और तुलसी पूजा के महत्व पर चर्चा की. वहीं उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्प अर्पित करते हुए नमन की.



श्रीमती गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी जी के विचारों से मौजूद छात्राओं को अवगत कराते हुए उनके द्वारा किए गए देश के प्रति कार्य से भी अवगत कराया. उन्होंने कहा कि देस के यसस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वही सपना पूरा कर रहे हैं, जो कभी स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने देखा था. उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में तरक्की की और प्रधानमंत्री मोदी ने उस मार्ग को आगे बढ़ाया है. आज इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, धर्म, और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में जो विकास हो रहा है, वे अटल जी के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक महान व्यक्तित्व के व्यक्ति थे. पार्टी के अलावा पूरे भारत देश के लोग उनकी विचारधारा का सम्मान करते हैं. श्रीमती गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बाजपेई जी का विकसित भारत एवं समृद्ध भारत के सपना को पूरा करने में लगे हुए है. उन्होंने अटल जी की प्रसिद्ध कविता 'कदम मिलाकर चलना होगा' से प्रेरणा लेने का संदेश दी.

# 28 दिसंबर को मधेपुरा में महाकाव्यों का दर्शन पर राष्ट्रीय संवाद, दर्शनशास्त्रियों का होगा ऐतिहासिक सम्मेलन"

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

मधेपुरा । 28 दिसंबर 2024 को बीएनएमयू, मधेपुरा की अंगीभूत इकाई, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में "महाकाव्यों का दर्शन" विषयक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस महत्वपूर्ण आयोजन में देशभर के प्रमुख दर्शनशास्त्रियों का जमावड़ा होगा। यह संवाद कार्यक्रम भारतीय दर्शन और महाकाव्यों के दार्शनिक दृष्टिकोण पर गहरे विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम का उद्‌घाटन भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला (हिमाचल प्रदेश) के राष्ट्रीय फेलो प्रो. रमेशचंद्र सिन्हा करेंगे। प्रो. सिन्हा, भारतीय दर्शन के एक प्रतिष्ठित विद्वान, दार्शनिक शोधों और विचारधाराओं में अपनी गहरी छाप छोड़ चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दर्शनशास्त्र विभाग, हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर (मध्यप्रदेश) के पूर्व अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय दर्शन परिषद् के पूर्व महासचिव प्रो. (डॉ.) अम्बिका दत्त शर्मा होंगे। प्रो. शर्मा भारतीय दर्शन के विविध पहलुओं में माहिर हैं और उनकी कृतियाँ भारतीय दार्शनिकता पर विचार करने के नए दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं। वे बौद्ध दर्शन, वेदांत दर्शन और समकालीन दार्शनिक विमर्श के प्रमुख विशेषज्ञ माने जाते हैं।

कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) के दर्शनशास्त्र विभाग की सेवानिवृत्त अध्यक्षा प्रो. शोभा निगम उपस्थित होंगी। वे भारतीय दर्शन के विभिन्न पक्षों में गहरी समझ रखने वाली विद्वान हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) के पूर्व प्रति कुलपति एवं उत्तर भारत दर्शन परिषद् के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सभाजीत मिश्र करेंगे। कार्यक्रम का संचालन ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर करेंगे, जबकि धन्यवाद ज्ञापन पटना विश्वविद्यालय, पटना की पूर्व अध्यक्षा और दर्शन परिषद्, बिहार की अध्यक्ष प्रो. पूनम सिंह करेंगी। डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य दर्शनशास्त्र के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श करना और भारतीय दर्शन के समृद्ध इतिहास और वर्तमान परिप्रेक्ष्य को समझना है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी सम्मानित विद्वानों से सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त करेंगे और इस कार्यक्रम के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है और दर्शनशास्त्र में रुचि रखने वाले सभी लोगों के लिए खुला रहेगा।

प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा भारतीय दर्शन के एक प्रमुख नाम हैं। उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर (1985) और पी-एच. डी. (1988) की उपाधि प्राप्त की है। वे विशेष रूप से बौद्ध दर्शन, वेदांत और भारतीय समकालीन दार्शनिक विमर्श पर गहन अध्ययन करते हैं। उनके द्वारा रचित कृतियाँ, जैसे "भारतीयता के सामासिक अर्थ-सन्दर्भ" (2015), "बौद्ध प्रमाण दर्शन" (2007) और "भारतीय मानस का वि-औपनिवेशीकरण" (2020), भारतीय दर्शन पर महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। प्रो. शर्मा को उनके योगदान के लिए कई पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें रिसर्च अवार्ड (2006), शंकर फेलोशिप (2021-2023) और प्रणवानन्द दर्शन सम्मान (2019) प्रमुख हैं। इस संवाद श्रृंखला के तहत स्टडी सर्कल की दूसरी ऋंखला में बारह संवादों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक संवाद एक महत्वपूर्ण दर्शनशास्त्र के विषय पर आधारित होगा, और हर संवाद में विभिन्न भारतीय और विदेशी दार्शनिक अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। पहले सत्र में नवंबर 2024 में "वेदांत का समाज दर्शन" पर संवाद हुआ था, जिसमें प्रमुख वक्ता प्रो. जटाशंकर थे।

इसके पहले, स्टडी सर्कल की पहली ऋंखला (अप्रैल 2022 - मार्च 2023) में बारह संवाद आयोजित किए गए थे। इन संवादों में विभिन्न प्रमुख दार्शनिकों ने भाग लिया, जैसे प्रो. रमेशचंद्र सिन्हा, प्रो. जटाशंकर, प्रो. एन. पी. तिवारी, और डॉ. आलोक टंडन। ये संवाद भारतीय और पश्चिमी दर्शन के विविध पहलुओं पर विचार-विमर्श का मंच प्रदान करते हैं। यह संवाद कार्यक्रम भारतीय दर्शन के महत्व को और बढ़ावा देने, दर्शनशास्त्र पर विचार-विमर्श को आगे बढ़ाने और समाज में इसके महत्व को समझाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

# सुपौल में शराब छापेमारी के दौरान भारी बवाल

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

सुपौल । जिले के ललितग्राम थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनिया वार्ड 9 के कालिकापुर आदिवासी टोला में डायल 112 की पुलिस-पब्लिक के बीच शराब छापेमारी के दौरान भारी बवाल होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पुलिस पर घर में घुसकर मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि घटना से गुस्साए ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई, जिसमें दोनों पक्षों को चोटें आई हैं। कालिकापुर निवासी रामविलास उरांव की पत्नी गिरिजा देवी ने बताया कि बीती रात करीब 12 बजे पुलिस उनके घर पहुंची और दरवाजा पिटने लगी। जब उन्होंने दरवाजा खोलने में देर की तो पुलिसकर्मी जबरदस्ती दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। गिरिजा देवी के अनुसार पुलिस ने घर में रखा सामान उलट-पुलट दिया और उनसे दुर्व्यवहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक पुलिसकर्मी ने उनका बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। इसी दौरान उनके 12 वर्षीय बेटे प्रमोद कुमार, जो पलंग पर सो रहा था, उसे भी घसीटकर नीचे फेंक दिया गया और बेरहमी से पीटा गया। प्रमोद घायल हो गया, जिसका इलाज नरपतगंज में चल रहा है।

पुलिस की इस कार्रवाई से गुस्साए ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों और बांस के फट्टों से पुलिस का विरोध किया। झड़प के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों का सामान, जैसे लाठी, टॉर्च, मफलर और टोपी घटनास्थल पर छूट गए। सूत्रों के मुताबिक झड़प में दो पुलिसकर्मी भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस हाइवे पर ट्रकों और पिकअप वाहनों से अवैध वसूली में लगी रहती है और गश्त के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाती है। आदिवासी परिवार के घर पर हुई इस छापेमारी का कोई कानूनी आधार नहीं था क्योंकि उनके खिलाफ न तो कोई मामला दर्ज है और न ही कोई वारंट था।

# वीर बाल दिवस पर परिचर्चा का आयोजन, वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

मधेपुरा । ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों और शोधार्थियों ने सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएनएमयू के इतिहास और संस्कृति विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. ललन प्रसाद अद्री ने वीर साहिबजादों की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, "यह दिन बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इन दोनों वीरों ने अपनी छोटी उम्र में ही धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इनका साहस और बलिदान अविस्मरणीय है, क्योंकि इन्होंने अत्याचारियों के सामने झुकने से इनकार किया और पूरे साहस के साथ संघर्ष किया।"




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटे थे – अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह। इन चारों ने मुगल सेना के अत्याचारों का डटकर मुकाबला किया। हालांकि, दुर्भाग्यवश मुगलों ने इन चारों वीर बालकों की हत्या की, लेकिन उनके साहस और बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2022 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन वीर बालकों की शहादत को सम्मानित करने के लिए वीर बाल दिवस मनाने की शुरुआत की है। इस दिन को पूरे देश में शैक्षिक संस्थानों में मनाया जाता है। कार्यक्रम के संचालन में दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा, "गुरु गोविंद सिंह और उनके परिवार का शौर्य और बलिदान अविस्मरणीय है। उनके अद्वितीय योगदान को सम्मानित किया जाता है, और यह दिन युवाओं को उनके साहस और वीरता से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करता है।" इस कार्यक्रम में सुमित कुमार, राजनंदन कुमार, केशव कुमार, रुदल कुमार, सत्यम कुमार, नीरज कुमार, नितीश कुमार, अरुण, रंजन कुमार, गौरव सिंह, सुभाष कुमार, पुरंदर यादव, राजीव कुमार, दिल खुश कुमार, राहुल कुमार, अंकेश कुमार, संजीत कुमार, हिमांशु कुमार, धनंजय कुमार, सुनील कुमार और शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# स्वर्ण जयंती महावीर कप पर महिला वर्ग में इस्लामपुर तो पुरूष वर्ग में रखा टोला फलका ने जमाया कब्जा

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

रूपौली। विधानसभा के ऐतिहासिक धरोहरों को अपने आगोश में समेटा राज्य सम्पोषित सुखदेव सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीकापट्टी का क्रीड़ा प्रांगण महावीर कप महिला,पुरूष फूटबॉल प्रतियोगिता का गवाह बन क्षेत्र में एक नया संदेश देने में सफल रही। विगत 21 दिसम्बर से चल रहे पांच दिवसीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का समापन अनुशासनात्मक तरीके से सम्पन्न हो गया।

स्वर्ण जयंती के शुभ अवसर महावीर कप महिला पुरूष फूटबाल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र के विधायक शंकर सिंह मंचासीन थे। मंचासीन विधायक शंकर के हाथों विजेता टीम को विजेता ट्राफी प्रदान किया गया ।जबकि प्रतियोगिता में खेल का आनंद लेने पहुंचे बुजूर्ग समाज के उपस्थित वरीय खिलाड़ियों को अंगवस्त्र माननीय विधायक शंकर के हाथों ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया । सम्मानित बुजूर्गों में राजेन्द्र मंडल ,गिरीवर प्रसाद मंडल, जय नारायण मंडल, वेदानंद यादव ,शालीग्राम सिंह, विनोद कुमार मंडल, योगेन्द्र मंडल, कैलाश भगत, सुशील मंडल, करमचंद मंडल, अनिल प्रसून ,रूप नारायण मंडल प्रमुख रूप से शामिल थे।

फूटबाल महाकुंभ के फाइनल मुकाबले का प्रदर्शन सर्व प्रथम पुरूष वर्ग के टीम फूटबाल क्लब रखा टोला फलका बनाम् जूनियर स्टुडेंट क्लब पिकहा दरमाही के बीच खेला गया । कृष्णा सौरेन और राज कुमार के नेतृत्व में उतरी दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने अनुशानात्मक और सधी हुई रोमांचक खेल का ओजपूर्ण प्रदर्शन कर दर्शकों के सांसो को रह रह कर अटका देने में सफल रही।

अनुशासनात्मक प्रदर्शन से आमजनों को नया संदेश देने का काम किया । वैसे तो रोमांचक मुकाबले का निष्कर्ष दो दो गोल की बराबरी पर जा अटकी । किन्तु खेल नियमों का उपयोग करते वरिष्ठ रेफरी संजय कुमार




द्वारा पेलेन्टी शाट का मौका दिया । जिसमें निर्णय बराबरी पर अटका ।पुन: रेफरी संजय कुमार द्वारा एक एक पेलेन्टी शाट का मौका दिया ,और अन्तत: स्वर्ण जयंती महावीर कप प्रतियोगिता के स्वर्ण जयंती कप पर रखा टोला फलका को 00 - 01से विजेता घोषित किया गया । रखा टोला फलका के कप्तान कृष्णा सौरेन को चमचमाती विजेता ट्राफी के साथ 30,000 रूपये की नकद पुरस्कार राशि मिली । जबकि उप विजेता ट्राफी उपविजेता टीम जूनियर स्टुडेंट क्लब पिकहा दरमाही के कप्तान राज कुमार को 20,000रुपये नकद के साथ प्रदान किया गया ।

ज्ञात हो कि एक विशेष सम्मान जो महावीर रत्न महावीर टीम की ओर से अपने सबसे सशक्त खिलाड़ी को मरणोपरांत प्रदान किया गया वह बिहार हॉकी के गोल्डमेडलिस्ट खिलाड़ी दिवंगत कृष्णानंद सिंह जी को यह पुरस्कार धूसर टीकापट्टी पंचायत के पूर्व मुखिया श्री अवधेश सरस्वती के शुभ हाथों से उनके पुत्र कृति प्रिय को महावीर रत्न ट्रॉफी प्रदान की गई । बिहार स्टेट पैनल के चारों मैच रेफरी संजय कुमार , सुनील हेंब्रम ,अभिषेक कुमार और विजय मुर्मू को आयोजन समिति की ओर से मोमेंटो मेडल घड़ी तथा ट्रैकसूट से सम्मानित किया गया। मुख्य निर्णायक संजय कुमार मंडल जो कटिहार के हेड रेफरी भी हैं उनके नेतृत्व में तीनों ही निर्णायकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका आयोजन में निभाई। समिति ने विजेता, उपविजेता रहे सभी खिलाडियों को व्यक्तिगत पुरस्कार तथा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा बेस्ट गोलकीपर महिला इस्लामपुर की गोलकीपर सोफिया रही बेस्ट स्कोरर महिला मोनिका मिस्त्री मालदा की और बेस्ट डिफेंडर महिला पुनः मालदा की मम्पी सरकार रही। फाइनल में मैन ऑफ द मैच महिला वर्ग में दिया विश्वास वहीं पुरुष वर्ग मैन ऑफ द मैच राकेश सोरेन फलका के खिलाड़ी को प्रदान किया गया। पुरुष वर्ग के सभी खिलाड़ियों को भी व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ-साथ मेडल पहनाकर आयोजन समिति के सदस्य ने सम्मान दिया। बेस्ट गोलकीपर अशोक कुमार फलका के खिलाड़ी को प्रदान किया गया तथा बेस्ट स्कॉरर पुरुष वर्ग में दरमाही से मुन्ना और बेस्ट डिफेंडर दरमाही से ही राकेश कुमार रहे इन तमाम खिलाड़ियों को मिथिलेश कुमार डॉ रवि रोशन कुमार मुखिया शांति देवी तथा आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने और महात्मा गांधी शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय टीकापट्टी के व्याख्याता ललन कुमार के शुभ हाथों से प्रदान किया गया। उप विजेता टीम महिला को मुखिया शांति देवी के द्वारा तथा विजेता टीम को जिला परिषद सदस्य श्रीमती प्रतिमा कुमारी के शुभ हाथों से प्रदान किया गया। पुरुष टीम को उपविजेता ट्रॉफी संयुक्त रूप से कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग श्री बलवीर प्रसाद वागिस तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्री समरदीप कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। वहीं चमचमाती विजेता ट्रॉफी मुख्य अतिथि विधायक श्री शंकर सिंह जी के शुभ हाथों से प्रदान किया गया । ट्रॉफी के साथ साथ अतिथियों ने विजेता को 30,000 तथा उपविजेता को 20,000 कि नकद राशि भी प्रदान किया। अपने संबोधन में विधायक महोदय ने चारों टीमों को बधाई दिया और स्थानीय टीम को खेलने का संदेश प्रदान करते हुए बुट तथा जर्सी हेतु राशि कि घोषणा अपने निजी कोष से देने का किया।

# अभाविप के 66 वें प्रांतीय अधिवेशन के स्वागत समिति के अध्यक्ष बने डा0 अनिल गुप्ता




**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

पूर्णिया | अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का चार दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन 28 दिसम्बर से शुरू होगा जो 31 दिसंबर तक चलेगा। स्थानीय कला भवन में आयोजित होने वाले अधिवेशन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। अभाविप के प्रदेश मंत्री समेत अन्य पदाधिकारियों ने बुधवार को लाइन बाजार स्थित मां पंचा देवी हॉस्पिटल में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। इस अधिवेशन की तैयारी समित के स्वागताध्यक्ष प्रसिद्ध सर्जन डॉ. अनिल कुमार गुप्ता बनाए गए हैं। डॉ. ए. के गुप्ता ने बताया कि अधिवेशन को सफल बनाने के लिए 51 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। इसमें शहर के गणमान्य लोग व पूर्व कार्यकर्ता शामिल हैं। अभाविप का यह अधिवेशन ऐतिहासिक होगा, इसलिए कि पूर्णिया में अभाविप का यह पहला अधिवेशन है। अधिवेशन में पूरे प्रदेश से करीब 1000 से अधिक छात्र - छात्रा व 200 से अधिक शिक्षक जुटेंगे। 28 दिसंबर को प्रदर्शनी का उद्‌घाटन होगा। 29 दिसंबर को अधिवेशन का उद्‌घाटन किया जाएगा। 30 दिसंबर को आरएन साह चौक से शोभायात्रा निकाली जाएगी और यह शोभायात्रा शहर का परिक्रमा कर आरएन साह चौक पर पहुंच समाप्त होगी। प्रदेश मंत्री अभिषेक यादव ने कहा कि अभाविप दुनिया का सबसे बड़ा व अनुशासित छात्र संगठन है। इस अधिवेशन में कई सत्रों के माध्यम से हमारे समाज की भावी पीढ़ी, देशभक्त छात्रशक्ति का मार्गदर्शन किया जाएगा। पूर्व वरिष्ठ कार्यकर्ता मृगेन्द्र देव ने कहा कि 28 को प्रदर्शनी में अभाविप के क्रियाकलापों से संबंधित वृतचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। इसमें अभाविप के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य ब्लड डोनेशन, फ्री कोचिंग, सामाजिक समरसता के कार्य आदि दिखेंगे। स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉ. गुप्ता ने बताया कि बाहर से आने वाले लोगों के ठहरने व भोजन आदि की सभी व्यवस्था कर ली गई है।

**मिथिलेश कुमार सिंह**
**संपादक**

**संपादकीय कार्यालय**
आश्रम रोड, नियर काली स्थान, पूर्णिया

**संपर्क कार्यालय**
अम्बेडकर मार्केट, प्रथम तल, ए ब्लॉक, पूर्णिया
फोन नं0- 06454-240150
मो0 नं0 : 9955265249, 6203476262
singhmithilesh50@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं संपादक मिथिलेश कुमार सिंह द्वारा सीमांचल उदय डिजीटल न्यूज पेपर टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, आश्रम रोड, नियर काली स्थान, पूर्णिया से मुद्रित।

इस अंक में प्रकाशित सभी आलेख समाचार से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति आवश्यक नहीं है। किसी प्रकार के विवाद के लिए उत्तरदायी लेखक स्वयं होंगे। सभी पद अवैतनिक है। किसी भी कानूनी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पूर्णिया होगा।

# वित्तीय सह डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**




पूर्णिया । भारतीय स्टेट बैंक, जिला अग्रणी बैंक, पूर्णिया के देखरेख मे वित्तीय साक्षरता सलाहकार के सहयोग से कार्यक्रम यादव टोला, दनसार गाँव पंचायत दनसार, प्रखंड जलालगढ, जिला पूर्णिया मे वित्तीय साक्षरता जागरूकता के साथ जन सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक, वित्तीय साक्षरता केंद्र, जिला अग्रणी बैंक, पूर्णिया द्वारा किया गया। जिसका संचालन मुख्य प्रबंधक (सेवानिवृत्त) अजय कांत झा, वित्तीय साक्षरता सलाहकार द्वारा किया गया| CFL AWOKE के कुंदन कुमार और आशीष कुमार की सकारात्मक सहयोग रहा. कार्यक्रम में विजय यादव, अशोक यादव, दशरथ ऋषि, खुशबु कुमारी, सुनीता देवी, किसान अन्य महिला/पुरुष उपस्थित रहें|

ग्रहकों को जागरुक किया गया कि जिनके खातों मे 10 वर्ष से किसी प्रकार का लेनदेन न हो रहा होता है तो वो जमाराशियों को बैंक भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा कर देती है. अतः खाताधारक का नाम, बैंक का नाम और जन्म तिथि, पैन कार्ड इत्यादि विवरण का उपयोग कर उदगम UDGAM पोर्टल पर पर बैंकों की सूची उपलब्ध है और बैंक से इसका दावा करे. साथ ही अगर दो वर्षो से अधिक समय से बैंक खातों में लेनदेन न होने पर वो खाता निष्क्रिय हो जाता है अतः अपने बैंक की किसी भी शाखा में जाकर या वीडियो केवाईसी के द्वारा अपना केवाईसी जरूर अपडेट करवाएं. भारतीय रिजर्व बैंक कहता है ... "जानकर बनिए, सतर्क रहिए".

कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता से संबंधित सोशल मीडिया धोखाधड़ी और उससे सावधानी के बारे में जानकारी दी गई | बचत के लिये प्रेरित किया. अजय कांत झा ने कहा कि बूंद बूंद से घंडा भरता है, छोटी छोटी बचत से बड़ी बचत होता है, परिवार भविष्य मे अर्थिक रूप से सबल बना रहे इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को बचत की आदत जरूर अपनाना चाहिए. खर्चा सोच समझकर करना चाहिए. सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना साथ ही अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। जन सुरक्षा योजना पर सभी लोगों को जागरूक भी किया गया. इस तरह के कार्यक्रम के लिए ग्रामीणों ने भारतीय स्टेट बैंक को साधुवाद कहा.

# महाप्रबंधक कार्यालय में प्रबंधन के साथ विस्थापित प्रतिनिधियों ने की वार्ता

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**



बोकारो । जिला के हद में सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविंदपुर परियोजना में संचालित आउटसोर्सिंग कम्पनी में रोजगार देने की मांग को लेकर रैयत विस्थापित सहयोग समिति के प्रतिनिधियों की वार्ता प्रबंधन के साथ आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार कथारा महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में आयोजित वार्ता में महाप्रबंधक संजय सिंह उपस्थित थे। यहां रैयत विस्थापित सहयोग समिति के सचिव रामनरेश प्रजापति ने बताया कि सीसीएल में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनियों में स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर मांग पत्र सौंप गया था। जिसके बाद प्रबंधन ने वार्ता की। उन्होंने बताया कि वार्ता में महाप्रबंधक ने विस्थापित प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि आउट सोर्सिंग कम्पनी में विस्थापितों को रोजगार मुहैया कराना हमारी दायित्व है। इसके लिए आउटसोर्सिंग कम्पनी के मुख्य प्रबंधक से बात कर जनवरी माह में पुनः विस्थापित प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया एवं समस्याओं का समाधान करने की बात कही। इस अवसर पर आयोजित वार्ता में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक के अलावा स्वांग-गोबिंदपुर फेज टू के परियोजना पदाधिकारी ए. के. तिवारी, क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन जयंत कुमार, विस्थापितों की ओर से संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष कुलदीप प्रजापति, सचिव नरेश राम महतो, विश्वनाथ महतो मुखिया गोविन्दपुर ई पंचायत, अमीत घांसी पंचायत समिति सदस्य गोविन्दपुर बी, प्रफुल्ल ठाकुर , फलजीत महतो, भुनेश्वर सिंह, विनोद प्रजापति, भोला कुमार तुरी, योगेन्द्र ठाकुर आदि शामिल थे।

# एनएच 81 के किनारे कचरे के अंबार से वार्ड 8 के लोग परेशान, बीमारी का खतरा बढ़ा



**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

कोढ़ा (कटिहार) । प्रखंड अंतर्गत खेरिया पंचायत के वार्ड संख्या 8 में एनएच 81 के किनारे लगे कचरे के अंबार से स्थानीय निवासियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कचरे के कारण गंदगी फैलने से बीमारी का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। साथ ही इस दुर्गंध भरी सड़क से प्रतिदिन छात्र-छात्राएं विद्यालय को जाते है। कई बार बच्चों को इस दुर्गंध के कारण उल्टी की शिकायत भी की है।

निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कचरे का शीघ्र निपटान कर इलाके को साफ-सुथरा बनाया जाए। लगातार बढ़ती गंदगी और बीमारियों के खतरों को देखते हुए प्रशासनिक हस्तक्षेप बेहद जरूरी हो गया है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता के चलते यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। यदि जल्द ही कचरे की सफाई नहीं की गई तो इलाके में गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा हो सकता है।

स्थानीय प्रशासन को कचरे के नियमित निपटान के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इसके साथ ही जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना भी आवश्यक है।

# आंसु पोछो बृक्ष लगाओ अपने परिजनो के याद मे कार्यक्रम के तहत किया गया बृक्षारोपण

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**



बरारी (कटिहार) । बरारी मे एक सामाजिक आंदोलन की शुरुआत बृहस्पतिवार के दिन किया गया जिसमे जब एक परिवार किसी अपने को खो देता है तो कालान्तर तक उनकी याद ही रह जाती है इसी सोच को एक सामाजिक आन्दोलन देने का कार्य किया जा रहा है कि जब किसी परिवार मे कोई अपनो को खो दे तो उनके क्रिया कर्म के उपरान्त उस परिजन के याद मे एक फलदार बृक्ष लगाया जाए जो उस व्यक्ति की महत्वता लगाए गए बृक्ष के माध्यम से दर्शाता रहेगा और बृक्ष लगाने से हमारे पर्यावरण मे भी सुधार होगा इस सामाजिक आन्दोलन की शुरुआत बरारी के मनीष मिश्रा व सोनू तिवारी ने किया है। जो कुछ दिन पूर्व बरारी का बेटा जो भारती टोला के रहने वाले ड्युटि के दौरान तबीयत बिगड़ने से शहिद हो गए थे आज उस शहिद के घर पर उनके बड़े भाई पुत्र व परिवार के सदस्यो तथा वरिष्ठ पत्रकार दिलीप मिश्रा सोनू तिवारी मनीष मिश्रा सुमन शाह के द्वारा आम का बृक्ष लगाया गया वही कुछ दिन पूर्व बरारी के पूर्व मुखिया टाली भठ्ठा निवासी रामवतार चौधरी का निधन हो गया था उनके भी याद मे उनके परिवार के सदस्यो तथा आंशु पोछो बृक्ष लगाओ के तहत बृक्षरोपण किया गया ।

# भाजपा कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी पर कोटि- कोटि नमन करते,चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**




चिरैया । भाजपा कार्यालय पताही पूर्वी मंडल बूथ संख्या 230 पर सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता गुप्ता के अध्यक्षता में चिरैया विधानसभा कार्यालय में उपस्थित में भारतीय राजनीति के युगपुरुष, सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई गई। जहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की अटल जी जब बोलते, तो लगता उनकी वाणी में भारत बोल रहा है। भारतीय राजनीति के अजातशत्रु और युगदृष्टा,हम सबके आदर्श श्री अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय उत्कर्ष और समाज कल्याण को समर्पित उनका जीवन हम सबके लिए जीवंत राष्ट्र प्रेम और प्रेरणा का स्रोत है। आदर्शों और विचारों से कभी समझौता न करते हुए, मां भारती के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले, हम सभी के प्रेरणा स्रोत, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी पर कोटि-कोटि नमन करते हुए चिरैया विधानसभा क्षेत्र के पताही पूर्वी मंडल के बुथ संख्या 230 पर सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए, इस अवसर पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष श्री टुनटुन सिंह जी, पप्पू पासवान जी, मंडल महामंत्री श्री देवेंद्र प्रसाद जी शक्ति के प्रमुख श्री निखिल सिंह जी, नागेंद्र गिरी जी, विकाश कुमार जी, संतोष पाठक जी, उमाशंकर राम जी, संतोष सिंह जी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें मौजूद थे।

# दार्जिलिंग और तराई डुवर्स में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस पर्व

**सुभम सिंह**

दार्जिलिंग। । हर साल की तरह इस साल भी दार्जिलिंग, खर्सांग, कालेबुंग, मिरिक और तराई डुवर्स क्षेत्र के विभिन्न गिरजाघरों में पवित्र क्रिसमस का त्योहार हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर सुंदर भजनों और कैरोल गीतों की प्रस्तुति से वातावरण संगीतमय हो गया। मिरिक महकमा के फुवागड़ी आराधना चर्च और सुके पोखरेबोंग क्षेत्र के चर्चों में भी क्रिसमस की धूम देखने को मिली।

जहां बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ 'बड़ा दिन' मनाया गया। चर्चों में इस दिन विशेष प्रार्थनाएं की गईं। वहीं बाइबिल की बातें सुनाई गईं, नृत्य और गीतों का आयोजन हुआ और इस खुशी के मौके पर केक काटने की परंपरा भी निभाई गई। साथ ही सामुदायिक भोज का आयोजन कर ग्रामीणों और पर्यटकों के बीच प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया गया। इस पर्व ने लोगों को एकजुट किया और धार्मिक आस्था को प्रगाढ़ करने का कार्य किया।

# अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्मदिन पर कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन


सुभाष चौधरी
उपसंपादक
सीमांचल उदय



सिलीगुड़ी । भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्मदिन को अवसर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। मल्लागुड़ी स्थित भाजपा सिलीगुड़ी सांगठनिक जिला कार्यालय में स्वर्गीय वाजपेयी की तस्वीर पर सिलीगुड़ी के विधायक तथा विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष, भाजपा सिलीगुड़ी सांगठनिक जिला कमेटी के अध्यक्ष अरुण मंडल, उपाध्यक्ष कन्हैया पाठक, सिलीगुड़ी नगर निगम में विपक्ष के नेता अमित जैन समेत अन्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

भाजपा द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष स्वर्गीय बाजपेयी के सौवें जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष तथा सुशासन दिवस के अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते नगर निगम में विपक्ष के नेता अमित जैन व अन्य जिला प्रमुख कन्हैया पाठक ने बताया कि पार्टी की ओर से पूरे वर्ष भर जनहित को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर स्वर्गीय बाजपेयी के सौवें जन्मदिन माटीगाड़ा नक्सलबाड़ी के विधायक आनंदमय बर्मन ने गरीब व जरूरतमंद लोगों में गर्म कपड़े वितरित किए। इस दिन बिहार मोड़ पर अपर-लोअर बागडोगरा और गोसाईपुर इलाके के जरूरतमंद लोगों को सर्दी के कपड़े वितरित किए गए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय वाजपेयी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप जलाकर कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

# प्रकाश टोयोटा ने वर्ष 2024 में अपने ग्राहकों के चेहरे पर बरकरार रखी मुस्कान, सभी गाड़ियों पर दिया ऑफर का मौका

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**




पूर्णिया। वर्ष 2024 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है ऐसे में बीते वर्ष की चर्चा और आने वाले नये वर्ष के शुभारम्भ की तैयारी को लेकर प्रकाश टोयटा प्रयत्नशील है! प्रकाश टोयोटा ने वर्ष 2024 में टोयोटा के विभिन्न गाड़ियों पर ऑफर स्कीम के तहत अपने ग्राहकों का ख्याल रखा और नये वर्ष में भी यह जारी रहेगा, प्रकाश टोयोटा अपने ग्राहक की सुविधा और उनकी बचत के लिये सोचता है, उक्त बातें प्रकाश टोयोटा के मार्केटिंग मैनेजर रवि रंजन ने कही! उन्होंने बताया की बीते वर्ष प्रकाश टोयोटा ने बम्पर ऑफर अपने ग्राहकों को दिया, सभी रेंज की गाड़िया आज भी प्रकाश टोयोटा में सभी कलर्स में उपलब्ध है और ऑफर भी, रवि रंजन ने बताया की वर्ष के अंतिम समय में भी प्रकाश टोयोटा में आकर्षक एक्सचेंज ऑफर एव फाइनेंस की सुविधा सरल और ऑन द स्पॉट दी जा रही है! यह ग्राहकों के लिये एक वेहरीन और अत्यंत सुन्दर अवसर देता है! श्री रवि रंजन ने बताया की वर्ष के अंतिम दिनों मे प्रकाश टोयोटा के ग्लैंजा , रूमीयोंन, इनोवा, फॉरचुनार, टाइसर, और ह्यरीडेर, हिलीक्स जैसी गाड़ीयों पर महाबचत ऑफर दिया जा रहा है! उन्होंने कहा की अंत भला तो सब भला, इस वर्ष के अंतिम दिनों में ऑफर का लाभ उठायें और नये वर्ष में नये अंदाज के साथ नववर्ष की खुशियां मनाये!

# दार्जिलिंग चिड़ियाघर में सफेद बाघों को प्रदर्शनी के लिए रखा गया

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

दार्जिलिंग । क्रिसमस के अवसर पर, पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क दार्जिलिंग अर्थात दार्जिलिंग चिड़ियाघर में बुधवार से पर्यटकों के लिए दो सफेद बाघों को प्रदर्शनी के लिए रखा गया है। इतना ही नहीं, दार्जिलिंग चिड़ियाघर के निदेशक डॉ. बसवराज होलेयाची ने अनुसार, दोनों सफेद बाघों को बुधवार से प्रदर्शनी में रखा गया है। इनके अलावा, दो नर लाल पांडा नीदरलैंड से दार्जिलिंग चिड़ियाघर में आयेगी, जिसे कुछ दिन क्वॉरेंटाइन में अथवा ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद चिड़ियाघर में आने वाले लोगों के प्रदर्शनी के लिए उक्त रेड पांडा को भी रखा जाएगा। चिड़ियाघर के निदेशक ने यह भी जानकारी दिया कि दोनों सफेद बाघों को इसी नवंबर महीना में हैदराबाद से एक एक्सचेंज कार्यक्रम अंतर्गत लाया गया था, जिसे कुछ दिन क्वॉरेंटाइन अथवा ऑब्जरवेशन में रखने के बाद क्रिसमस के उपलक्ष्य में लोगों के प्रदर्शनी के लिये उन दोनों सफेद बाघों रखा गया है। दार्जिलिंग चिड़ियाघर से हैदराबाद चिड़िया घर को दो रेड पांडा दिया गया था। निदेशक ने यह भी बताया कि सफेद बाघों के आने के बाद यहां पर पर्यटकों की संख्या में और भी वृद्धि होगी। हालांकि पहले से ही यहां पर रॉयल बंगाल टाइगर साइबेरियन टाइगर अन्य विभिन्न तेंदुआ एवं बाग दार्जिलिंग चिड़ियाघर में है लेकिन इन दो सफेद बाघों को आने से और भी ज्यादा लोग चिड़ियाघर आने के लिए आकर्षित होंगे ।

# सियालदह स्टेशन में ओएसओपी स्टाल पर अब जयनगर का मोआ भी मिलेगा

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**




सियालदह । पूर्व रेलवे अंतर्गत सियालदह मंडल ने अपने अधिकार क्षेत्र में एक स्टेशन एक उत्पाद (ओएसओपी) स्टाल की उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। वोकल फार लोकल को बढ़ावा देने की पहल के तहत मंडल ने अब बंगाल का एक अनूठा उत्पाद 'जयनगर का मोआ' को सियालदह स्टेशन के भीतर ओएसओपी स्टाल पर पेश किए जाने वाले उत्पादों की श्रेणी में शामिल किया है। कोलकाता से सटे दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर का मोआ अपने बेजोड़ स्वाद के लिए बंगाल में बहुत मशहूर है, जो ताड़ के गुड़ से बनने वाली पारंपरिक मिठाई है। वहां के मोआ .को जीआई टैग तक मिल चुका है। अब सियालदह स्टेशन पर संचालित ओएसओपी स्टाल पर यात्रियों को जयनगर का यह प्रसिद्ध मोआ आसानी से उपलब्ध होगा। एक अधिकारी ने बताया कि सियालदह के डीआरएम दीपक निगम के मार्गदर्शन और सीनियर डीसीएम पवन कुमार के नेतृत्व में इस समय सियालदह मंडल के अधीन विभिन्न स्टेशनों पर ओएसओपी की कुल -144 दुकानें (स्टाल) चल रही हैं। इस पहल का उद्देश्य न केवल यात्रियों को स्थानीय उत्पादों की व्यापक विविधता प्रदान करना है, बल्कि छोटे पैमाने के विक्रेताओं को सशक्त बनाना और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। डीआरएम दीपक निगम ने कहा कि हम अपने यात्रियों को एक यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ओएसओपी स्टाल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर, हम न केवल छोटे पैमाने के व्यवसायों का समर्थन कर रहे हैं, बल्कि अपने क्षेत्र के विविध स्वादों को भी प्रदर्शित कर रहे हैं। जयनगर मोआ को शामिल करना पारंपरिक पाक कला को संरक्षित करने के हमारे प्रयासों का प्रमाण है।

# रेल पटरियों पर अनधिकृत प्रवेश रोकने को एनएफ रेलवे ने उठाया कदम

**सुभाष चौधरी**

सिलीगुड़ी। रेल पटरियों पर अनधिकृत प्रवेश रोकने को नॉर्थ-ईस्ट फंटियर (एनएफ) रेलवे ने कदम उठाया है। इसके तहत उन स्थानों पर बैरिकेडिंग और ट्रेंचिंग बनाने का काम किया जा रहा है जिन स्थानों से रेल पटरियों पर अनधिकृत प्रवेश होता है। बताया गया है कि हर साल अनधिकृत प्रवेश वाले स्थानों पर रेल पटरियों को पार करने की कोशिश में कई लोगों की जान चली जाती है। सो, सुरक्षा को और अधिक सुनिश्चित करने के अपने अभियान के तहत एनएफ रेलवे ने पहले ही सभी मानव रहित समपार फाटकों को समाप्त कर दिया है। इसके अलावा रेल पटरियों को अनधिकृत रूप से पार करने पर रोक लगाने के लिए भी पूरा प्रयास किया जा रहा है। एनएफ रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति बारी कर यह जानकारी दी है। बताया गया है कि एनएफ रेलवे ने उन संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया है जहां अक्सर रन- ओवर की घटनाएं होती हैं। ऐसी दुर्घटनाओं को



रोकने के लिए ही अनधिकृत प्रवेश वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग और ट्रेंचिंग बनाने का काम किया जा रहा है। एनएफ रेलवे क्षेत्र में चिह्नित कुल 950 अनधिकृत प्रवेश स्थानों में से 809 पर पहले ही बैरिकेडिंग की जा चुकी है। उनमें तीनसुकिया में 235, लामडिंग में 221, रंगिया में 88, | अलीपुरद्वार में 171 और कटिहार में 94 स्थान शामिल हैं। वहीं, एनएफ रेलवे द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों आदि में जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि आम जनता को अनधिकृत स्थानों पर रेल पटरी पार करने से बचने के बारे में जागरूक कर घातक दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

गत मंगलवार को डिफु और दलदली के बीच वालिंगदिसा और दलदली गांव के पास एक अनधिकृत प्रवेश स्थान को रेल अधिकारियों द्वारा बंद कर दिया गया था। आरपीएफ अधिकारियों ने इंजीनियरिंग अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से मुलाकात की और उन्हें रेलवे के कार्य में बाधा डालने और रेलवे ट्रैक पार करने के कानूनी परिणामों के बारे में बताया। आरपीएफ और विशेष आसूचना शाखा ने स्थानीय ग्रामीणों और वालिंगदासा एवं दलदली गांवों के प्रधानों से मुलाकात की और उनसे अनधिकृत प्रवेश स्थानों को बंद करने का समर्थन करने के लिए राजी किया। एनएफ रेलवे, रेल परिसर (रेलवे ट्रैक सहित) में अनधिकृत क्रॉसिंग और प्रवेश को बढ़ावा नहीं देना चाहता है। लोगों को रेलवे सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह देता है। रेल परिसर के अनधिकृत स्थानों में प्रवेश करना दंडनीय अपराध भी है। सो, आम जनता की भलाई को देखते हुए रेलवे द्वारा ये कदम उठाए गए हैं।

# दार्जिलिंग ट्रॉय ट्रेन का एक कोच उतरा पटरी से

**शुभम सिंह**

दार्जिलिंग। हिमालयन रेलवे की प्रसिद्ध ट्रॉय ट्रेन के एक कोच के पटरी से उतरने की घटना से रेलवे कर्मचारियों और पर्यटकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। यह घटना गुरुवार को उस समय घटी जब दार्जिलिंग से एक स्टीम इंजन रॉयल ट्रेन एक कोच के साथ खरसिया जा रही थी। रास्ते में सोनारा पेट्रोल पंप के पास इस ट्रेन का एक कोच पटरी से उतर गया। हालांकि, इस कोच में कोई यात्री सवार नहीं था। इस दुर्घटना के बाद कोच घंटों तक सोनादा के पास रेलवे लाइन पर खड़ा रहा, जिससे यात्री ट्रेनों के संचालन में बाधा आयी। इस दौरान लगभग शाम 6 बजे एनजेपी से दार्जिलिंग जा रही एक यात्री ट्रॉय ट्रेन सोनादा रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रॉय ट्रेन में तीन कोच थे, जिनमें पर्यटक सवार थे लेकिन जब तक पटरी से उतरी कोच को पुनः पटरी पर नहीं चढ़ाया गया और रेलवे लाइन को साफ नहीं किया गया, तब तक दार्जिलिंग जाने वाली यात्री ट्रेन को सोनादा रेलवे स्टेशन पर रोकना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप दार्जिलिंग जाने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

यात्रियों को परेशान होते देख, रेलवे विभाग ने त्वरित निर्णय लिया और सभी यात्रियों को वाहन के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग से दार्जिलिंग भेजने का प्रबंध किया। इस उपाय से यात्री समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सके। दूसरी ओर रेलवे विभाग के कर्मचारी पटरी से उतरे कोच को पुनः पटरी पर लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक इस कार्य में रेलवे कर्मी जुटे हुए थे।

# मालदा टाउन से सियालदह गौड़ एक्सप्रेस में आखिरकार चलने लगा एलएचबी कोच

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

मालदा। आखिरकार जिले के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। मालदा टाउन से सियालदह गौड़ एक्सप्रेस में आखिरकार एलएचबी कोच चलने लगी है। अभी तक इस ट्रेन में आईसीएफ कोच का इस्तेमाल किया जाता था। इस संबंध में रेलवे ने शुक्रवार को ही नोटिस जारी कर दिया है इस फैसले के लिए जिलेवासी रेलवे विभाग को धन्यवाद दे रहे हैं। मालदा जिले के निवासियों में गौड़ एक्सप्रेस की परंपरा है। इस ट्रेन की शुरुआत 20 अप्रैल 1980 को हुई। थी प्रारंभ में मालदा टाउन स्टेशन से सियालदा तक सप्ताह में तीन दिन सेवा थी दिवंगत रेल मंत्री बरकत गनी खान चौधरी ने 2 अक्टूबर, 1982 को दैनिक सेवा के रूप में ट्रेन की शुरुआत की। तब से इस ट्रेन में आईसीएफ कोच (इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई) का उपयोग किया जा रहा था लेकिन दुर्घटना होने पर आईसीएफ कोचों को



अधिक नुकसान होता है इसलिए भारतीय रेलवे ने अधिकांश ट्रेनों में जर्मन तकनीक लिंक हॉफमैन बुश (एलएचबी) का उपयोग शुरू कर दिया। दुर्घटना की स्थिति में इस कोच में नुकसान बहुत कम होता है। हाल के दिनों में पूरे देश में एक के बाद एक ट्रेन हादसे हुए हैं कई मौतें हो चुकी हैं इसे देखते हुए जिले में कई वर्षों से गौर एक्सप्रेस में एलएचबी कोच लगाने की मांग हो रही थी।

अब उनकी मांग पूरी होने जा रही है। रेलवे की ओर से शुक्रवार को जारी नोटिस में बताया गया कि 13154 मालदा टाउन-सियालदा और 13153 सियालदा मालदा टाउन गौड़ एक्सप्रेस 28 दिसंबर से और 13153 सियालदा मालदा टाउन गौड़ एक्सप्रेस 29 दिसंबर से चलेंगी, लेकिन अभी तक इस ट्रेन में 22 कोच लगते थे आगे से 21 कोचों का उपयोग किया जाएगा। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने कहा, उच्चाधिकारी के निर्देशानुसार गौर एक्सप्रेस निर्धारित दिनों में एलएचबी रेक का उपयोग करेगी। जिले के बड़े व्यवसायियों में से एक अनिर्बान कुंडू रेलवे के इस फैसले का स्वागत करते हैं उनका कहना है, यह ट्रेन हमारे जिले की परंपरा है। हम लंबे समय से इस ट्रेन में एलएचबी कोच की मांग कर रहे हैं। क्योंकि पिछले कुछ समय से रेल दुर्घटनाओं की दर में बढ़ोतरी हुई है।

# मुख्य सचेतक व विधायक ने किया गरीबों के बीच कंबल का वितरण



**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

क्रिसमस के अवसर पर टुंडी विधायक सह झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो तथा बाघमारा विधायक ने कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण के क्रम में सैकड़ो गरीब गुरबो को ठंड से बचाव को लेकर कंबल दिया गया।

जानकारी के अनुसार धनबाद जिला के हद में बाघमारा प्रखंड के राजगंज पंचायत में टुंडी विधायक सह झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन कर कंबलों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर बाघमारा के प्रखंड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण यादव, स्थानीय पंचायत की मुखिया वंदना कुमारी आदि उपस्थित थे। वहीं एक अन्य जानकारी के अनुसार क्रिसमस के अवसर पर विधायक बाघमारा शत्रुघ्न महतो ने प्रखंड सभागार बाघमारा में कंबलों का वितरण किया।

# जैन पंथ ने अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह की सूक्ष्म व्याख्या: मुनिश्री

**सुभाष चौधरी**

सिलीगुड़ी। तेरापंथ धर्म संघ के एकादशम अधिशास्ता महातपस्वी महामनस्वी आचार्य महाश्रमण के विद्वान शिष्य मुनि आनंद कुमार ने ठाणा -2 के पावन सानिध्य में दालकोला स्थित तेरापंथ सभा भवन भगवान पार्श्वनाथ का 29,00 वें जन्म कल्याण दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुनि आनंद कुमार के महामंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ। इसके बाद मुनि विकास कुमार ने जय बोलो पार्श्व जीनेश्वर की, जय ज्योतिमयें जगदिश्वर की। गीत से मंगलाचरण किया महिलाएं चुनडी परिधान में भाई लोग सफेद परिधान में सामूहिक प्रभु पाश्र्व देव चरणों में भावपूर्ण गीतिका की प्रस्तुति दी। मुनि आनंद कुमार "कालू" ने तुमसे लागी लगन, लेलो अपनी शरण, पारस प्यारा मेटो मेटो जी संकट हमारा ।। भावपूर्ण गीतिका की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। मुनिश्री ने महिलाओं को चुंदरी परिधान में और भाइयों को सफेद परिधान में उपसर्गहर स्तोत्र, ॐ ह्रीं श्रीं पार्श्वनाथाय नमः, सामूहिक 27 बार जप अनुष्ठान



करवाया गया। मुनिश्री आनंद कुमार कालू ने अपने मंगल पाथेय में कहा कि जैन पंथ ने अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह की सूक्ष्म व्याख्या की थी।

जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर प्रार्यनाथ 'का जन्म काशी (वाराणसी) के राजा काश्यप गोत्रीय अश्वसेन तथा रानी वामादेवी के घर पौष कृष्ण दशमी को हुआ था। यह तिथि इस वर्ष 25 दिसंबर को है। राजघराने की सभी भोग संपदाएं विरक्त पार्श्वनाथ को आसक्त नहीं बना सकीं। तीस वर्ष की युवावस्था में वे प्रव्रजित (वैरागी) हो गए। अर्धमागधी प्राकृत साहित्य में उल्लेख है कि उन्होंने चातुर्मास धर्म पर विशेष बल दिया था। यह विचार मुनि आनंद कुमार कालू ने दालकोला बंगाल स्थित भवन में भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक दिवस पर श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह की उन्होंने सूक्ष्म व्याख्या की। अहिंसा पर उन्होंने बताया कि 'द्वेष' का कारण 'राग' ही है, इसलिए 'राग' हिंसा की पहली सीढ़ी है। रागभाव में धर्म मानना पार्श्वनाथ के अनुसार मिथ्यात्व है। मुनि आनंद कुमार ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ के 29 वें जन्म कल्याणक की स्मृति में भारत सरकार द्वारा 900 मूल्य वर्ग एवं का स्मारक सिक्का आज के दिन जारी होगा 23 वे तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ जन्म 2900 वर्ष पौष कृष्ण दशमी को उत्तर प्रदेश के वाराणसी को हुआ भारत सरकार ने जन्म कल्याण के अवसर पर यह सिक्के जारी करने का निर्णय लिया है की मुनि ने कहा कि संस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सिक्के में सहेज रही भारत सरकार 23 वें जैन तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक दिवस को सबसे उत्तम माना है इस अवसर पर काफी संख्या में श्रावक श्राविकाएं मौजूद थे।

# बोकारो नो हेलमेट नो पेट्रोल




**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

बोकारो । जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) वंदना शेजवलकर ने पत्र जारी कर जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पंप परिसर में नो हेलमेट नो पेट्रोल का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही इस पर सख्ती से अमल करने को भी कहा है। पेट्रोल पंप संचालकों को भेजे पत्र में डीटीओ ने लिखा है कि झारखंड के परिवहन विभाग से प्राप्त निर्देश के अनुसार, सुरक्षा के दृष्टिकोण से दो पहिया वाहन चलाने वाले व पीछे बैठे व्यक्ति को हेलमेट पहनना जरूरी है। इसका पालन कराने में पेट्रोल पंप संचालक सहयोग करें और अपने परिसर में नो हेलमेट नो पेट्रोल का बॉर्ड लगाते हुए बिना हेलमेट वालों को पेट्रोल नहीं दें। विभाग की टीम के निरीक्षण में जिन पंपों पर बोर्ड नहीं लगा मिलेगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों के बीच चित्रांकण प्रतियोगिता का आयोजन

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

पूर्णियाँ। दीपालय मानसिक स्वास्थ्य एवं विकलांग पुनर्वास संस्थान पूर्णियाँ द्वारा मैत्री परियोजना के तहत बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों के बीच चित्रांकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । मैत्री परियोजना के तहत अनामांकित एवं विद्यालय से बाहर 06 से 14 वर्ष की बालिकाओं का पूर्णियाँ पूर्व, कसबा, जलालगढ़, के० नगर, डगरुआ, बायसी, बनमनखी, धमदाहा एवं बड़हरा कोठी सहित कुल 12 प्रखंडों में डोर टू डोर आउट ऑफ स्कूल गर्ल चिल्ड्रेन का सर्वेक्षण करवाया तदुपरान्त बालिकाओं का नामांकन नजदीकी विद्यालयों में करवाया गया। चित्रांकन सहित अन्य गतिविधियों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं का विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करना है।



**चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन निम्न प्रकार से किया गया**

| प्रखंड | पंचायत | विद्यालय | पुरस्कृत बच्ची |
|---|---|---|---|
| पूर्णियाँ पूर्व | कवैया | माध्यमिक विद्यालय कवैया | शिवानी कुमारी (प्रथम)<br>राधा कुमारी (द्वतीय)<br>सविता कुमारी (तृतीय) |
| | शोभागंज | माध्यमिक विद्यालय शोभागंज | निक्की खातून (प्रथम)<br>पियारा खातून (द्वतीय)<br>यास्मीन आरा (तृतीय) |
| | जियागाछी | माध्यमिक विद्यालय शोभागंज | भानू प्रिया (प्रथम)<br>अंचल कुमारी (द्वतीय)<br>करिश्मा कुमारी (तृतीय) |
| | बीरपुर | माध्यमिक विद्यालय बीरपुर | प्रिया कुमारी (प्रथम)<br>सोनाक्षी कुमारी (द्वतीय)<br>तमन्ना खातून (तृतीय) |

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मो० शफीउल वारा (प्र०अ०) नितेन्द्र कुमार ( प्र0अ0 ), मो० गुलाम सरवर (प्र०अ०) तथा अलका मल्लिक (प्र०अ०) सहित दीपालय की ओर से अजु कुमारी प्रखंड समन्वयक, चितरंजन कुमार एवं रेशमा प्रवीण क्षेत्रीय समन्वयक एवं कार्यक्रम प्रभारी रश्मि कुमारी ने भाग लिया । मैत्री परियोजना के तहत डोर टू डोर सर्वे के उपरान्त निम्नांकित रुप से प्रखंडवार बच्चियों का नामांकन करवाया गया है

# बहुजन से जुड़ेगा ब्राह्मण, बदला नहीं बदलाव का संकल्प

**आशीष कुमार बब्बू के नेतृत्व में लोकमंच का गठन, पंडित मदन मोहन मालवीय जयंति समारोह में उमड़ी हजारों की भीड़**

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

पूर्णिया। सामाजिक, उत्थान, बहुजन से जुड़ने से वो बदला नहीं बदलाव के संकल्प के साथ स्थानीय टाऊन हॉल पूर्णियाँ में आयोजित भारत रत्न मदन मोहन मालवीय की जयन्ती समारोह सम्पन्न हुआ । जिसकी अध्यता समाजसेवी राजेश पाठक और संचालित समाजसेवी राहुल झा ने किया । समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी आशीष कुमार बबलू ने कहा कि पण्डित मदन मोहन मालवीय का जीवन चरित्र हमारे भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। समाज के सभी वर्गो का उत्थान उनके जीवन का मूलमंत्र था जो हमारे लिए प्रेरणादायी विरासत है। उन्होंने कहा कि मदन मोहन मालवीय ने बाबू जगजीवन राम को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में पढ़ने की व्यवस्था



करवाया । साथ ही दलित छात्र के छात्रवृत्ति की व्यवस्था की । हमें प्रेरणा लनी चाहिए कि हम बहुजन को सम्मान दें। ब्राह्मण बहुजन एकजुटता अभियान चलाकर हमें समाजिक समरसता मजबूत करना होगा। अब ब्राह्मण समाज आशीर्वाद के साथ-साथ बहुजन के हाप हाथ मिलाकर आगे बढ़ने का काम करेंगे । श्री वब्बू ने कहा कि हमारे पास शस्त्र और शास्त्र दोनों है। बहुजन पर अन्याय के खिलाफ शस्त्र से प्रतिकार करोगे वही शास्त्र से उन्हें ज्ञान देकर आगे बढ़ने में सहयोग करेंगे।

इस बीच आशीष कुमार बब्बू के प्रस्ताव पर लोक मंच' नामक संगठन का गठन किया गया । मौके पर उपस्थित जनसमूह ने उनके नेतृत्व में चलने का संकल्प लेते हुए उन्हें संयोजक का जिम्मा सौंपा। आशीष कुमार बब्बू ने कहा कि लोकमंच को उद्देश्य समाजिक उत्थान, बहुजन से जुड़ाव, समाजिक अभियान, युवा नेतृत्व को संबलना प्रदान करने के साथ संगठन का मूल मंत्र बदला नहीं बदलाव होगा। इससे पूर्व भारत रत्न भारत घोषित मदन मोहन मालवीय अटल बिहारी बाजपेली की तैय चित्र पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। शंखध्वनि और मंत्रोच्चार से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। युवाओ ने जोश के साथ मुख्य अतिथि आशीष कुमार बब्बू का स्वागत करते हुए उनके नेतृत्व में समाजिक अभियान बहुजन से जुड़े तथा बदलानं बदलाव का संकल्प लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या समाज से जुड़े लोग शामिल हुए। समारोह में अमित झा, संतोष मिश्रा, राजीव राय बबली, राजीव मिश्र, अजीत झा, पुष्कर मिश्र, शरत चंद्र झा, अनन्त भारती नटवर झा, अजीत पाठक रौशन झा मनोज मिश्रा राजीव झा बादल झा एसएन झा, राजन झा पुतुल झा सुमन ठाकुर संतोष ठाकुर सुमन झा राघव ठाकुर उदय शुक्ला अरूण राय आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पंचायत समिति सदस्य को मातृ शोक



**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

बी कोठी । मातृत्व शोक में वर्तमान पंचायत समिति सदस्य सह अध्यक्ष जाप पंचायत सुखसेना पूर्व पवन कुमार मंडल के निज निवास पर बी कोठी प्रखंड अध्यक्ष पूर्व सरपंच प्रो चंद्र भानु यादव के निर्देश पर सांसद पप्पू यादव समर्थक पीड़ित परिवारों से मिले और ढाढस दी। चुकी पूर्व सरपंच अचानक ठंड लगने से बुखार पीड़ित होने के कारण खुद नहीं जा सके। समर्थक में औराही पंचायत अध्यक्ष धीरज कुमार मंडल उर्फ गुड्डू अनिल कुमार मंडल बिंदेश्वरी शर्मा अध्यक्ष निगरानी सह अनुश्रवण समिति प्रखंड स्तरीय नरेश मोहन मंडल पूर्व मुखिया सोशल मीडिया त्रिभुवन कुमार पूर्व मुखिया कांतलाल ऋषि मौजूद रहे।

# भाजपा नेत्री नूतन गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल विहारी बाजपेयी जी की 100 वीं जयंती के अवसर पर मनायी जन्म शताब्दी समारोह

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

पूर्णिया। भाजपा नेत्री नूतन गुप्ता ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल विहारी बाजपेयी जी की 100 वीं जयंती के अवसर पर पूर्णिया पूर्व प्रखंड के महाराजपुर पंचायत रानीबाड़ी बूथ संख्या 300 पर जन्म शताब्दी समारोह मनायी. इस मौके पर बूथ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार मंडल, अंजू मुर्मू सहित गांव के लोग मौजूद थे. समारोह में सर्व प्रथम श्रीमती गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. इसके बाद गांव में महिला कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ पद यात्रा निकाली. इस दौरान पूर्व




प्रधानमंत्री के विचारों के प्रति लोगों को जागरूक किया. मौके पर भाजपा नेत्री श्रीमती गुप्ता ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में पार्टी ने फर्श से अर्श तक की यात्रा की और उनकी मेहनत का ही परिणाम आज इतनी प्रचंड सफलता के रूप में देखने को मिल रहा है. उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन सदैव प्रेरणादायी रहा. विपक्ष भी हमेशा उनका सम्मान करते थे और करते आये हैं. जीवन को राष्ट्र के प्रति समर्पित करने वाले ऐसे महापुरुष कम ही होते हैं. श्रीमती गुप्ता ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा कमल खिलेगा. उनका यह सपना साकार हो रहा है. पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय राजनीति को नई दिशा देने का काम किया. वह सभी के प्रेरणा स्रोत हैं. भारत रत्न अटल कुशल राजनेता के साथ-साथ बड़े रचनाकार भी थे. श्रीमती गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के कविता भी ग्रामीणों के सामने रखा और उनके अर्थ को भी बताया.

# भारतीय योग संस्थान, पूर्णिया के महामाया मन्दिर योग साधना केन्द्र पर 13 वें महिला योग शक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

पूर्णिया। भारतीय योग संस्थान, पूर्णिया के महामाया मन्दिर योग साधना केन्द्र पर 13 वें महिला योग शक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आगाज़ अधिकारिओं के द्वारा दीप प्रज्वलन और महिलाओं के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ । तत्पश्चात योगासनों का अभ्यास कराया गया । लम्बे गहरे स्वांश ममता श्रीवास्तव, योग मुद्रा आसन आरती सिन्हा, काग आसन नूतन सिंह, ताड आसन बन्दना चौधरी, बृक्ष आसन लक्ष्मी पाटोदिया, अर्द्धचक्र आसन नीता केडिया, सूर्य नमस्कार सीमा




मंडल, कोण आसन बन्दना देवी और सिंह गर्जना एवं हास्य आसन पूनम पांडेय के द्वारा कराया गया।

मुख्य वक्ताओं में जिला प्रधान अजय कुमार सिंह एवं डॉ एस के सिन्हा, जिला मंत्री कैलाश मंडल, संगठन मंत्री सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने योग के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। नारी शक्ति के ऊपर सतीश श्रीवास्तव, प्रियंका कुमारी के द्वारा कविता पाठ औरअंजना कुमारी के द्वारा सुन्दर भजन की प्रस्तुति हुई। सूर्यभेदी और भ्रामरी प्राणायाम अजय कुमार सिंह के द्वारा और प्रार्थना शांति पाठ केंद्र प्रमुख ममता श्रीवास्तव के द्वारा कराकर कार्यक्रम का समापन हुआ। धन्यवाद ज्ञापन डॉ एस के सिन्हा ने किया और मंच सञ्चालन सतीश श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। साधक / साधिकाओं में मुख्य रूप से ललिता देवी, संगीता देवी, ज्योति अग्रवाल, प्रतिमा चौधरी, गीता पाल, गीता साह, नीरज देवी, एस चक्रवर्ती, रंजीत चक्रवर्ती, अजय साह, रोशन ठाकुर, रंजीत कुमार, अजय सिन्हा, चंदन गुप्ता, आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# तैलिक साहू सभा समिति की बैठक में सम्मानित हुई, बीपीएससी में चयनित भावना

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**

पूर्णिया। जिला तैलिक साहू सभा समिति की बैठक व सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को तैलिक साहू सभा के जिलाध्यक्ष सोपाल साह की अध्यक्षता में हरदा के एक विवाह भवन में आयोजित किया गया। यहां विनोद साह की बेटी भावना कुमारी के सम्मान समारोह की आयोजन को लेकर काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए थे। यहां इस बात की चर्चा होती रही कि पूर्णिया के एक ग्रामीण परिवेश में पली बढी और सरकारी स्कूल से अपना पठन-पाठन कर BPSC की परीक्षा में पास कर 116 रैंक लाकर DSP बनकर सफलता हासिल की। यह मौजूद समाज के सभी सम्मानित सदस्यों ने भावना के लगन और संघर्ष की काफी प्रशंसा किए तथा उन्हें शॉल और बुके देकर सम्मानित किया। तेली जाति के सैकड़ो लोगों ने भावना को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। भावना के




साथ साथ उनके माता- पिता और उनके दादी को भी सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष सोपाल साह ने कहा कि दुनियां को बदलने का सबसे बड़ा शक्तिशाली हथियार शिक्षा ही है। जिसे भावना ने अपने परिवार, समाज और अपने गांव को गौरवान्वित और प्रतिष्ठित कर दिया है। आज लोग शिक्षा के महात्व को अच्छी तरह समझने लगे हैं और आगे बढ़ने के लिए संघर्ष भी कर रहे हैं। जीवन में मुझे बहुत सी बातों ने प्रभावित किया है, यह अनुभव सुनने में शायद साधारण लगता हो, लेकिन छिपा सार असाधारण है। अगर, मैं कहूं कि सबसे शक्तिशाली व्यक्ति कौन है, तो लोग कहेंगे कि जिसके पास पावर, शस्त्र, किसी देश का राजा है, तो वही शक्तिशाली है। परंतु, मेरा मानना है कि शस्त्र, धन, या पावर किसी को शक्तिशाली नहीं बनाता है। अगर, यह शक्तिशाली बनाता भी है तो कुछ समय के लिए, क्योंकि दौलत आज है कल नहीं, शस्त्र एक बार चलन में आ गया और बाहर हो जाता है। पर शिक्षा का ज्ञान कभी भी अप्रचलित नहीं हो सकता। शिक्षा का ज्ञान शस्त्र के ज्ञान से ज्यादा असरदार और प्रभावशाली होता है। इस सभा में संगठन के सभी सम्मानित पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों के साथ साथ हरदा के मुखिया प्रतिनिधि मनीष कुमार भारती ने हरदा में हुए इस कार्यक्रम की बागडोर संभाली। वहीं संगठन के महासचिव दशरथ प्रसाद साह ने लोगों को एकत्रित करने में महत्व भूमिका निभाई।

# समाजसेवी सुधीर सिंह के निधन पर माधव सिंह ने किया है शोक प्रकट

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**




पूर्णिया। लोक जनशक्ति पार्टी के वरिष्ठ नेता माधव सिंह ने कला भवन, पुर्णियां के प्रबंध परिषद के सदस्य एवं जाने माने समाजसेवी सुधीर सिंह के निधन पर गहरा दुःख और शोक प्रकट किया है। श्री सिंह ने कहा कि सुधीर बाबू के निधन से कला भवन पुर्णियां एवं समाज की अपूर्णीय क्षति हुई है। कला भवन पुर्णियां और समाज में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनके निधन से न केवल पुर्णियां , बल्कि सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई है। वे नेक दिल, मिलनसार और सभी धर्मों को साथ लेकर चलने वाले इंसान थे। वे हमारे बड़े भाई, गार्जियन के समान थे और अपना हर बात सबों से शेयर करते थे। सुधीर बाबू समाज में एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित है। ईश्वर इन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और इनके आत्मा को शांति दे। साथ ही इनके परिवार को दुख सहन करने की हिम्मत दे। अरविन्द सिंह, संजय सिंह, रविन्द्र सिंह, पंकज सिंह,रंजन सिंह, अवधेश सिंह,राम नारायण सिंह, चंदन सिंह, डॉ. ईशान खान, शंकर झा बाबा, पूर्व विधायक सिकन्दर सिंह, कैलाश गुप्ता, सुनील सिंह, डॉ मनोज सिंह, एस. के. विमल, दिनकर स्नेही, अधिवक्ता नंदकिशोर सिंह,बी.एन. झा बाबा, दिना सिंह, पूर्व प्राचार्य सुधीर कुमार सिंह आदि ने सुधीर बाबू के साथ साथ डा॰0 एस.पी. सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

साथ ही लोजपा नेता श्री माधव सिंह ने बताया कि कला भवन पुर्णियां के आजीवन सदस्य श्री सुधीर कुमार सिंह एवं डॉ एस0 पी0 सिंह के निधन पर दिनांक- 27.12.2024 , रोज शुक्रवार को अपराह्न 4 बजे कला भवन के प्रांगण में शोक सभा आयोजन किया गया है। उन्होंने इस शोक सभा में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए अनुरोध किया है।

# दो माह पूर्व आवेदन देने के बाद भी विद्युत कनेक्शन नहीं

**- मुफस्सिल थाना एवं जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर लगाई गुहार**

**सीमांचल उदय प्रतिनिधि**



पूर्णिया । पूर्णिया पूर्व प्रखंड व मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चांदी पंचायत के चांदीबाड़ी गांव निवासी गोपाल कुमार सिंह ने मुफस्सिल थाना सहित अन्य वरिय पदाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने आवेदन के माध्यम से कहा है कि वह प्रधानमंत्री उद्यमी योजना के तहत कुटीर उद्योग लगाने के लिए विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता है। इसके लिए उनके द्वारा दो माह पूर्व ही ऑनलाइन आवेदन दिए हैं, आवेदन में सब कुछ सही होने के बावजूद भी विद्युत कनेक्शन देने के लिए आवश्यक विभागीय कार्रवाई नहीं की जा रही है। विद्युत आपूर्ति के चालू नहीं होने के कारण उनके द्वारा कई बार विद्युत विभाग के जेई, एसडीओ से मिलकर विद्युत कनेक्शन देने को लेकर मिल चुके हैं। परंतु उन्हें कहीं से राहत नहीं मिल रही है, यहां उन्होंने बताया है कि वह कुटीर उद्योग को लगाने को लेकर प्रधानमंत्री उद्यमी योजना के तहत ऋण प्राप्त किए हैं, विद्युत कनेक्शन के करण वह अपना कारोबार शुरू नहीं कर पा रहे हैं। इस बीच वह दो बार किस्त भी भर चुके हैं। ऐसे में तो वह पूरी तरह से कंगाल हो जाएंगे। उन्होंने अपनी समस्या को समझाते हुए मुफस्सिल थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार व जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार से न्याय की गुहार लगाई है।